दो बूंद जिंदगी की, दो बूंद स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण की

भोपाल, 12 अक्टूबर. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पोलियो की दो बूंदें न सिर्फ किसी बच्चे को जीवनभर के लिए सुरक्षित करती हैं, बल्कि यह एक स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण की नींव भी हैं.

डॉ. यादव ने रविवार सुबह यहां मुख्यमंत्री निवास में तीन दिवसीय 'पल्स पोलियो टीकाकरण' अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो रोधी खुराक पीने से वंचित नहीं रहे. उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी बीमारी एक बच्चे को आजीवन पराश्रित बना सकती है, इसलिए इसका पूर्णत: उन्मूलन हर नागरिक का कर्तव्य है. डॉ यादव ने टीकाकरण अभियान का शुभारंभ 12 छोटे बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो-दो बूंदें पिलाकर किया. उन्होंने कहा कि हम सभी हर बार अपने छोटे बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाते रहे, तभी पोलियो के विरुद्ध हमारी जीत आगे भी जारी रहेगी. उन्होंने बताया कि प्रदेश के 18 जिलों में 12 से 14 अक्टूबर तक चलाए जा रहे इस अभियान में 64 हजार से अधिक वैक्सीनेटर्स 24 हजार से अधिक पल्स पोलियो बूथों के माध्यम से दवा पिलायेंगे. यह अभियान प्रदेश के अनूपपुर, बैतूल, भिंड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, देवास, ग्वालियर, नर्मदापुरम, जबलपुर, कटनी, खण्डवा, खरगौन, मंडला, मंदसौर, मुरैना, नरसिंहपुर और नीमच जिले में चलेगा. इस दौरान लक्षित आयु वर्ग के 39 लाख 19 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वस्थ और सशक्त भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में मध्यप्रदेश दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ रहा है.

39.19 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो

भोपाल. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रविवार से तीन दिवसीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का उद्घाटन किया और 12 छोटे बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो-दो बूंदें पिलाईं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पोलियो की दो बूंदें न सिर्फ किसी बच्चे को जीवनभर के लिए सुरक्षित करती हैं, बल्कि यह एक स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण की नींव भी हैं. उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि कोई भी बच्चा पोलियो रोधी खुराक पीने से वंचित न रह जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि पोलियो जैसी बीमारी एक बच्चे को आजीवन पराश्रित बना सकती है, इसलिए इसका पूर्णत: उन्मूलन हर नागरिक का कर्तव्य है. उन्होंने बताया कि प्रदेश के 18 जिलों में चलाए जा रहे इस तीन दिवसीय अभियान में 64 हजार से अधिक वैक्सीनेटर्स 24 हजार से अधिक पल्स पोलियो बूथों के माध्यम से दवा पिलायेंगे.

लोक सेवा केंद्र की अनियमितताओं पर करें सख्ती : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

बैतूल, 12 अक्टूबर. बैतूल जिले के लोक सेवा केंद्रों में हो रही अनियमितताओं और लापरवाही की शिकायतों पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने गंभीरता दिखाई है.

उन्होंने कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी को केंद्र की गहन जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं.

खंडेलवाल ने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन को निर्धारित समय सीमा में सेवाओं का लाभ मिलना चाहिए. ग्रामीणों और किसानों की शिकायतों में बताया गया कि लोक सेवा केंद्रों में आवेदन 15-20 दिन तक अपलोड नहीं किए जाते, और कर्मचारी अक्सर सर्वर डाउन का हवाला देकर देरी करते हैं. प्रदेश अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि केंद्रों की सतत मॉनिटरिंग के लिए एक अधिकारी तैनात करें, जिससे कार्य में पारदर्शिता बनी रहे और जनता को समय पर सेवाएं प्राप्त हों. शासन का उद्देश्य जनकल्याण कारी योजनाओं का त्वरित लाभ जनता तक पहुंचाना है.

बच्चों की मौत के लिए सरकार जिम्मेदार

पूर्व सीएम कमलनाथ ने की पीड़ित परिवारों से मुलाकात

छिंदवाड़ा, 12 अक्टूबर. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व सांसद नकुलनाथ तीन दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा पहुंचे.

हवाई पट्टी पर पहुंचे कमलनाथ ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बच्चों की मौत के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अपनी जिम्मेदारियों की उपेक्षा की है और दवाइयों की जांच अभी तक नहीं कराई गई.

कमलनाथ ने कहा, सरकार और उसके नियामक निकाय केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की जिम्मेदारी है कि दवा जनता तक सुरक्षित रूप में पहुंचे, न कि जहरीली अवस्था में. यदि दवाइयों की नियमित और सतत जांच होती, तो यह स्थिति कभी उत्पन्न नहीं होती और बच्चों की असमय मृत्यु नहीं होती. प्रदेश सरकार द्वारा पीड़ित परिवारों को दिए गए 4-4 लाख रुपये के मुआवजे पर कमलनाथ ने कहा कि वे लगातार मुख्यमंत्री से बात कर रहे हैं.

> उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार को और अधिक जिम्मेदार कदम उठाने चाहिए. हवाई पट्टी से कमलनाथ एवं नकुलनाथ सीधे परासिया पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख साझा किया. कमलनाथ ने परिवारों को आश्वस्त किया कि उनकी आवाज़ लगातार सरकार और केन्द्र तक पहुंचेगी और जो भी कदम आवश्यक होंगे,वे करेंगे. उन्होंने इस मामले में सतत निगरानी और कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया.

अस्थायी कर्मचारियों का 'महाक्रांति आंदोलन'

विशेष संवाददाता

भोपाल,12 अक्टूबर . मध्यप्रदेश के विभिन्न विभागों के अस्थायी, आउटसोर्स, अंशकालीन और ग्राम पंचायत कर्मचारियों के संयुक्त मंच ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स, अस्थायी, अंशकालीन एवं ग्राम पंचायत कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, मध्यप्रदेश के बैनर तले रविवार को भोपाल के अंबेडकर पार्क, तुलसी नगर में आयोजित महा क्रांति आंदोलन में प्रदेशभर से हजारों कर्मचारियों ने भाग लिया.

प्रदर्शनकारियों ने ठेका और आउटसोर्स व्यवस्था समाप्त करने की मांग को लेकर जोरदार नारेबाज़ी की. आंदोलन के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कहा कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक अन्यायपूर्ण रोजगार व्यवस्था समाप्त नहीं हो जाती. उन्होंने घोषणा की कि 19 जनवरी 2025 को लाखों अस्थायी और आउटसोर्स कर्मचारी जबलपुर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करेंगे, जिसमें समान कार्य के लिए समान वेतन और ठेका प्रथा की समाप्ति की मांग उठाई जाएगी.

शर्मा ने कहा, यह आंदोलन प्रदेश के लाखों कर्मचारियों की सामूहिक आवाज़ है. सरकार को समझना होगा कि श्रमिकों के सम्मान के बिना सुशासन संभव नहीं. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का हवाला देते हुए कहा कि नियमित कार्य अस्थायी कर्मचारियों से कम वेतन पर लेना श्रम शोषण है.

बेनामी आमंत्रण पत्र सोशल मीडिया पर वायरल

शिवपुरी, 12 अक्टूबर . मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के पिछोर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी का फोटो छपा हुआ बेनामी एक आमंत्रण पत्र सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

जिसमें सभी लाइसेंसी शस्त्रधारकों को शस्त्र लेकर दशहरा पूजन के लिए आमंत्रित किया गया है. आमंत्रण पत्र में दशहरा पूजन के लिए चंबल क्षेत्र के एवं आसपास के सभी लाइसेंस वाले शस्त्र धारकों को अपने अपने शस्त्र लेकर आज पिछोर के छत्रसाल स्टेडियम में दशहरा के अवसर पर शस्त्र पूजन हेतु आमंत्रित किया गया है. इस आमंत्रण पत्र पर विधायक पिछोर प्रीतम लोधी का हाथ में धारदार हथियार लिए हुए अपने समर्थकों के साथ फोटो छपा है तथा कार्ड पर नाम किसी का नहीं है. यह पिछले कुछ दिनों से पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है. जिला प्रशासन एवं पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मामले को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है.

एक नजर में

सीबीआई की रिमांड पर रिश्वतखोर

जबलपुर. भारतीय स्टेट बैंक, गायत्री कॉम्प्लेक्स शाखा, जिला सीधी के फील्ड ऑफिसर को जबलपुर सीबीआई ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपी को रविवार को सीबीआई जबलपुर लेकर पहुंची और उसे न्यायालय में पेश किया. सीबीआई ने आरोपी की न्यायालय से रिमांड मांगी जिस पर कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड देते हुए रिश्वतखोर को सीबीआई को सौंप दिया है. मंगलवार को रिमांड खत्म होने पर उसे पुन: कोर्ट में पेश किया जाएगा.

75 वर्ष बाद बिजली से रौशन होगा ग्राम बिछिया

उमरिया. जिले के जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्राम बिछिया आजादी के 75 वर्ष बाद आखिरकार बिजली की रोशनी से जगमगाने जा रहा है. शनिवार को बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह ने यहां 20 लाख की लागत से होने वाले विद्युतीकरण कार्य का भूमिपूजन किया. एक हजार से अधिक आबादी वाले इस गांव में अब तक बिजली नहीं पहुंची थी. ग्रामीणों और विद्यार्थियों को वर्षों से अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ता था. तेल के दीयों की रोशनी में रहने वाले बिछिया के लोगों के लिए यह दिन किसी त्यौहार से कम नहीं रहा. ग्राम सरपंच गरभू लाल धुर्वे ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार गांव में बिजली आने की उम्मीद से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है.

पटवारी ने कांग्रेस कार्यालय का किया उद्घाटन

विशेष संवाददाता

भोपाल. कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रविवार को शिवपुरी में नव स्थापित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय का उद्घाटन किया.

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजन और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. संवाद और संगठनात्मक गतिविधियों के लिए समर्पित यह नया कार्यालय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा और प्रतिबद्धता का नया केंद्र बताया गया. इसके बाद ग्राम आवन में पटवारी ने कांग्रेस द्वारा संचालित वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की समीक्षा की। उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा, यह अभियान जनता के मताधिकार और लोकतंत्र कीरक्षा के लिए है.

अब न्याय की आवाज हर घर तक पहुंचेगी

पटवारी ने आगे जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित किसान न्याय यात्रा में भी भाग लिया, जहाँ उनके साथ पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह और राज्यसभा सांसद अशोक सिंह उपस्थित रहे। तीनों नेताओं ने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और मांगों पर चर्चा की। पटवारी ने कहा, कांग्रेस किसानों के हक, मेहनत और सम्मान की लड़ाई पूरी ताक़त से लड़ेगी। भाजपा सरकार ने किसानों को कर्ज, सूखा और झूठे वादों के सिवाय कुछ नहीं दिया है. अब न्याय की आवाज़ हर खेत और हर घर तक पहुँचेगी.

कांग्रेस ने कहा- जवाबदेही बहाल करें सरकार

विशेष संवाददाता

भोपाल,12 अक्टूबर. सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने राज्य मुख्यालय, भोपाल में एक प्रेस वार्ता आयोजित की.

इसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रवीण सक्सेना, आरटीआई प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री पुनीत टंडन और प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता मिथुन अहिरवार उपस्थित रहे. नेताओं ने वर्ष 2005 में डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार और सोनिया गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व में बने इस ऐतिहासिक कानून के महत्व को याद किया. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम यूपीए सरकार के अधिकार-आधारित शासन एजेंडा की पहली कड़ी था. इसी दौर में मनरेगा (2005), वन अधिकार अधिनियम (2006), शिक्षा का अधिकार (2009), भूमि अधिग्रहण अधिनियम (2013) और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (2013) जैसे ऐतिहासिक कानून भी लागू किए गए. आरटीआई कानून ने नागरिकों को सरकारी सूचनाओं तक पहुँच सुनिश्चित कर उन्हें सशक्त बनाया और शासन में पारदर्शिता व जवाबदेही को बढ़ावा दिया.

> नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 के बाद से आरटीआई कानून को लगातार कमजोर किया जा रहा है. वर्ष 2019 में किए गए संशोधनों से सूचना आयोगों की स्वायत्तता सीमित कर दी गई, जिससे केंद्र सरकार को आयुक्तों के कार्यकाल और सेवा शर्तें तय करने का अधिकार मिल गया. इसके अलावा, 2023 में पारित डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम ने व्यक्तिगत जानकारी की परिभाषा को इतना विस्तृत कर दिया कि अब जनहित में भी कई जानकारियाँ छिपाई जा सकती हैं.

मध्यप्रदेश में ठंड ने दी दस्तक

कई जिलों में बारिश के साथ मौसम में बदलाव

भोपाल, 12 अक्टूबर. मध्यप्रदेश में मानसून अब समाप्ति की ओर है, लेकिन मौसम अभी पूरी तरह सूखा नहीं पड़ा है. प्रदेश के कई जिलों में बीते 24 घंटों के दौरान हल्की बारिश और तेज़ हवाओं के साथ मौसम में बदलाव देखने को मिला है.

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के कुछ इलाकों में अगले 24 घंटों के भीतर आंधी और बौछारों की संभावना बनी हुई है. 12 अक्टूबर 2025 की सुबह 08:30 बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, शहडोल, अनुपपुर, डिंडोरी और बालाघाट जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. वहीं, कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ हवाएं चलीं. मौसम विभाग ने बताया कि मानसून अब अंतिम चरण में है, लेकिन नमी और पश्चिमी विक्षोभ के कारण कुछ क्षेत्रों में अस्थायी वर्षा का दौर जारी रह सकता है.

> दिन में धूप खिलने के बावजूद शाम होते ही ठंड का असर महसूस होने लगा है. विशेष रूप से विंध्य और महाकौशल क्षेत्रों में रात के तापमान में गिरावट देखी जा रही है. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में धीरे-धीरे गिरावट जारी रहेगी और अक्टूबर के मध्य तक प्रदेश में ठंड के शुरुआती चरण का असर और बढ़ सकता है. वहीं, किसानों को सलाह दी गई है कि फसल कटाई और भंडारण के दौरान मौसम की स्थिति पर विशेष ध्यान दें, ताकि बारिश से नुकसान न हो.

राजधानी भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में दिन और रात के तापमान में काफी अंतर दर्ज किया जा रहा है.

सूर्य कुमार ने किए भगवान महाकालेश्वर के संध्या आरती दर्शन

उज्जैन. भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्य कुमार यादव ने रविवार को महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित संध्या आरती में सहभागी होकर भगवान महाकालेश्वर के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किए. इस अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर द्वारा उनका विधिवत स्वागत एवं सम्मान किया गया.

आयोजन मुख्य सचिव जैन ने मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट के बी-2-बी इवेंट और प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देना हमारा प्रमुख उद्देश्य

भोपाल, 12 अक्टूबर. मुख्य सचिव अनुराग जैन ने शनिवार को एमवीएम ग्राउंड में आयोजित मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट के बी-2-बी (बिजनेस-टू-बिजनेस) इवेंट और प्रदर्शनी का शुभारंभ किया. इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व्यावसायिक संबंधों को सुदृढ़ करना है.

मुख्य सचिव जैन ने मध्यप्रदेश पर्यटन पेवेलियन और ग्रामीण पर्यटन की जीवंत प्रदर्शनी विलेज वाइब्स का उद्घाटन किया. उन्होंने प्रदेश के स्थानीय ग्रामीण परिवेश की कलात्मक और सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत करने के लिए पर्यटन विभाग की सराहना की. इस अवसर पर प्रख्यात अभिनेता रघुवीर यादव तथा पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला भी उपस्थित थे. जैन ने विलेज वाइब्स प्रदर्शनी में मां की रसोई, ब्लॉक प्रिंटिंग, चंदेरी साड़ी बुनाई और गोंड पेंटिंग जैसे आकर्षक लाइव डेमो देखे. उन्होंने महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना में प्रशिक्षित बालिकाओं से संवाद किया. बी-2-बी इवेंट में विशेष रूप से आमंत्रित ग्रामीण होमस्टे संचालकों से मुलाकात कर जैन ने उनके प्रयासों की सराहना की.

उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश के होमस्टे संचालकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय टूर और ट्रैवल ऑपरेटरों से संवाद कर नए व्यावसायिक अवसर सृजित करना सराहनीय पहल है.

> मुख्य सचिव ने वनराज होमस्टे, पलाश विला पेंच, ज्यांशी होमस्टे, वेदिका हिल होमस्टे और ग्रैंड नर्मदा होमस्टे के संचालकों से परिचय प्राप्त किया और उनके उत्पादों का अवलोकन किया. उन्होंने विदेशी और भारतीय टूर ऑपरेटरों, होटल प्रतिनिधियों तथा निवेशकों से संवाद करते हुए प्रदेश की नई पर्यटन नीति, निवेश के अवसरों और योजनाओं की जानकारी साझा की. इस अवसर पर डॉ. इलैया राजा टी, प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, और सुश्री बिदिशा मुखर्जी, अपर प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड सहित बड़ी संख्या में देश-विदेश के टूर ऑपरेटर, होटलियर और निवेशक उपस्थित रहे. मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट का बी-2-बी इवेंट एक महत्वपूर्ण व्यापारिक मंच है, जो टूर ऑपरेटरों और होटल मालिकों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय एजेंटों से जोड़ता है.

51 लाख के फ्रॉड की आरोपी पकड़ाई

त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भोपाल मंडल सतर्क

भोपाल, 12 अक्टूबर. भोपाल मंडल रेल प्रशासन डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लगातार चौबीस घंटे कार्यरत है.

इसी क्रम में रेल सुरक्षा बल पोस्ट इटारसी की टीम ने 51 लाख रुपये के साइबर फ्रॉड में वांछित महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है. शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ इटारसी के उप निरीक्षक ओमप्रकाश गुर्जर, राजवीर सिंह, आरपीएफ बैतूल के उप निरीक्षक सचिन सोनुले एवं जीआरपी इटारसी के प्रभारी आरक्षक के.के. यादव सहित टीम ने संयुक्त कार्रवाई की. संदिग्ध महिला को प्राप्त फोटो के आधार पर गाड़ी संख्या 07075 हैदराबाद ,गोरखपुर स्पेशल एक्सप्रेस के ए-2 कोच की बर्थ संख्या 40 से उतारा गया. पूछताछ में महिला ने स्वयं को काला चौकी, मुंबई निवासी बताया. आरोपी को सुरक्षित रेसुब पोस्ट इटारसी में रखा गया तथा एलुरु पुलिस थाना (आंध्रप्रदेश) को सूचना दी गई.

12 अक्टूबर को एलुरु थाना के उप निरीक्षक बी.एम.व्ही. राजा मय टीम इटारसी पहुंचे और आईटी एक्ट के तहत दर्ज 51 लाख रुपये के साइबर फ्रॉड की एफआईआर प्रस्तुत की.